## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित कार डंपर में जा घुसी, जनहानि नहीं

**कटनी।** माधव नगर की तरफ से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहे कार चालक की लापरवाही के कारण कार अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कलेक्ट्रेट से कटनी की ओर जा रहे डंपर के पिछले हिस्से में जा घुसी। हादसे में हालांकि किसी को गंभीर चोटें नहीं आई लेकिन कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक गहमा गहमी मची रही। दोनों ही वाहन चालक घटना के बाद वहां से फरार हो गए। संबंध में जानकारी देते हुए प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि शुक्रवार शाम लगभग चार बजे कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 4836 का चालक माधव नगर की ओर से कलेक्ट्रेट की तरफ तेज रफ्तार से जा रहा था। विश्राम बाबा मोड पर जैसे ही वह कलेक्ट्रेट की तरफ मुड़ने लगा तो कलेक्ट्रेट की तरफ से कटनी की ओर जा रहे डंपर के पिछले पहिए में कार जा घुसी। हादसे में किसी को गंभीर चोटें तो नहीं आई लेकिन घटना के बाद दोनों ही वाहन चालक घटनास्थल पर वाहन छोड़कर वहां से भाग खड़े हुए।

### मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आज

**कटनी।** गहोई समाज में शैक्षणिक प्रगति की ओर विद्यार्थियों को आत्मबल प्रदान करने का दायित्व लिये स्थानीय गहोई समाज की संस्था श्री गहोई वैष्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा आज 24 दिसम्बर दिन रविवार को मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन समाज के भवन में दोपहर 03 बजे से किया जा रहा है जिसमे समाज के छात्र-छात्राओं को विभिन्न वर्ग में विद्यालय, महाविद्यालय, सांस्कृतिक, खेलकूद, प्रतिष्ठापूर्ण राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं में अग्रणी होकसमाज को गौरवान्वित करने पर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में समाज के सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिका का भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिये भी सम्मानित किया जा रहा है। गहोई समाज ट्रस्ट कमेटी ने सभी स्वाजातीय बंधुओं से आग्रह किया है। 25 दिसम्बर को दोप0 3 बजे धर्मशाला पहुँचकर विद्यार्थियों का उत्साह बर्धन करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाये।

### कंटीले तार में फंसा उल्लू



**कटनी।** कटीले तार फेंसिंग में अचानक एक उल्लू पक्षी फंस गया जिसकी जान एक किसानों ने मिलकर बचा ली। घटना रीठी के ग्राम खिरबा की है। दरअसल गांव खिरवा में किसान राजकुमार राय के खेत मे फसल सुरक्षा के लिए लगाए थे जहां कटीले तार फेंसिंग में अचानक एक उल्लू फंस गया। कई घंटो सुलझने फड़फड़ाता रहा, अंततः किसान राजकुमार राय ने उसे फंसा देख आसपास के किसानों की मदद से उसे सुलझा कर आजाद किया। बताते हैं कि फसे उल्लू को देख कुत्ते भौकने लगे किन्तु उल्लू का भनायक रूप देख कुत्ते भी नजदीक नही जा पाए। अंततः किसानों की मदद से उसे बचा लिया गया।

### आज यहां लगेंगे शिविर

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 24 दिसम्बर को गोलबाजार रामलीला मैदान में पहली पारी में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया हैं इसके अलावा पुरानी पुलिस चैकी झिंझरी के पास दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। महापौर, निगम अध्यक्ष ने जनता से लाभ उठाने की अपील की है।

## सालों से अधर में लटके अंतरराज्यीय बस स्टैंड का मार्ग प्रशस्त करने कलेक्टर ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

# हरी झंडी मिलते ही अधर में लटकी योजना को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सालों पहले जिला मुख्यालय में व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए बनाई गई योजना जो कि अब तक ठंडे बस्ते में पड़ी हुई थी उसका मार्ग प्रशस्त करने कलेक्टर अवि प्रसाद ने गंभीर और सार्थक प्रयास शुरू किया है। अंतर्राज्यीय बस स्टैंड हेतु पुरैनी स्थित भूमि खसरा नंबर 146/1 में से 6 हेक्टेयर रकवा को अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण एवं विकास हेतु नगर निगम कटनी को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में अनापत्ति, अभिमत प्रदान करने राज्य शासन के प्रमुख सचिव परिवहन को पत्र लिखा है ।

कलेक्टर ने पत्र में लिखा है कि उल्लेखित स्वरूप की छह हेक्टेयर भूमि अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण हेतु भूमि मध्य प्रदेश शासन परिवहन विभाग को आवंटित की गई है ।परंतु अभी तक बस स्टैंड का निर्माण एवं विकास कार्य नहीं कराया गया है। आयुक्त नगर निगम कटनी ने इस आवंटित भूमि के हस्तांतरण हेतु आरसीएमएस पोर्टल पर आवेदन कर अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण की कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन हेतु भूमि हस्तांतरित किए जाने हेतु मध्य प्रदेश नजूल निवर्तन नियम 2020 के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

मप्र नजूल निवर्तन निर्देश और नियम के तहत बस स्टैंड आदि प्रयोजन हेतु नजूल भूमि नगर निगम को नियमानुसार निगम प्रदान करने का प्रावधान है ।साथ ही किसी विभाग को हस्तांतरित भूमि अंशतः या पूर्णतः राजस्व विभाग को वापस करने का निर्णय लिए जाने का प्रावधान है। इन स्थितियों के मद्देनजर भूमि परिवहन विभाग से वापस प्राप्त कर नगर निगम को हस्तांतरित किए जाने में प्रमुख सचिव परिवहन की अनापत्ति और अभिमत की आवश्यकता है ।इस मामले में अतिरिक्त क्षेत्र परिवहन अधिकारी कटनी ने भी अभिमत प्रदान करने का अनुरोध किया है।

### खास बातें

- दो सैकड़ा से अधिक बसों का प्रतिदिन होता है परिचालन।
- अंतर राज्जीय बस स्टैण्ड के लिए 2017 में जमीन आवंटन की प्रक्रिया हो चुकी है पूरी।
- करीब 15 हजार यात्री रोजाना करते हैं सफर।
- रीवा, जबलपुर, इलाहाबाद, महाराष्ट्र और छग की बसों का होगा ठहराव।
- यात्रियों को मिलेगी सहूलियत, एक ही स्थान से मिलने लगेंगी बसें।
- प्रियदर्शनी बस स्टैण्ड में कम हो जाएगा दवाब।



फाईल फोटो

### सीधी कनेक्टिविटी का मिलने लगेगा लाभ

लंबी दूरी की लग्जरी बसें प्रियदर्शिनी बस स्टैंड तक नहीं आती हैं । जरूरतमंद यात्री को रात्रिकाल में बाईपास में रोड किनारे इनका इंतजार करने मजबूर रहना पड़ता था । आईबीटीएस बनने और यहां से होकर गुजरने वाली बसों के ठहराव से शहरवासियों को कटनी से यूपी , छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

### पहले ही मिल चुकी है जगह

गौरतलब है कि करीब 6 वर्ष पहले अंतरराज्जीय बस स्टैंड के लिये ट्रांसपोर्ट नगर के समीप 15 एकड़ जमीन चिन्हित की गई थी रिकार्ड में परिवहन विभाग के अधीन भी हो गई है, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं होने से यह उपलब्धि आज तक नहीं मिल पाई।

शहर के प्रियदर्शनी बस स्टैंड से जबलपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना सहित अन्य जिलो के लिये हर दिन लगभग 200 बसें संचालित होती है। जिले में अंतरराज्जीय बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियो को सहूलियत होगी। एक ही बस स्टैंड से आसानी से बसें मिलनी लग जायेगी। बाहर से आने वाले यात्रियो को भी सुविधा होगी। इसके अलावा शहर के अंदर यातायात का भी दवाब कम होगा।

गौरतलब है कि नगर में एकमात्र प्रियदर्शनी बस स्टैंड है। करीब 3 दशक पहले जिस समय बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था उस समय के लिहाज से बस स्टैंड माकूल व सुविधाजनक था। आज की स्थिति में यात्री बसों की क्षमता बढ़ जाने के बाद बस स्टैंड की जगह भी कम पड़ने लगी है।

### हवाई पट्टी की सुविधा भी खटाई में, उदासीनता से यह सौगात भी स्वप्न

अंतर राज्जीय बस स्टैण्ड के अलावा करीब डेढ़ दशक पहले हवाई पटटी की सौगात भी अधर में लटकी हुई है। 2200 मीटर लंबे व 300 मीटर चौड़े रनवे वाली हवाई पटटी के लिये मझगवां में भूमि का चयन सालों पहले किया गया था। जिले में हवाई पट्टी की मांग वर्षो पुरानी है। पहले भूमि चयन में लंबा वक्त लगा। जगह सुनिश्चित हुई तो प्रस्तावित जगह पर बगल में खदान का रोड़ा आया। इन तमाम बाधाओं से प्रशासन ने निजात दिलाई तो प्रस्ताव शासन स्तर पर वित्त को लेकर खटाई में लटक गया।

गौरतलब है कि जिले में औघोगिक विकास की संभावनाओं के मददेनजर हवाई पट्टी के निर्माण का प्रस्ताव लगभग एक दशक से फाइलों में कैद था। जिला प्रशासन ने इसके के लिये पूर्व में मझगवां में भूमि का चयन किया था। जहां 1800 मीटर रनवे के निर्माण का प्रस्ताव था। बाद में रनवे की लंबाई बढ़ाते हुये 2200 मीटर कर दी गई। ताकि आवश्यकता होने पर बड़े विमानों को भी कटनी में उतारा जा सके। जिले के आसपास पर्यटन और औघोगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये शासन की ओर से लंबाई बढ़ाने के आदेश दिये गये थे। पूर्व में प्रस्तावित हवाई पटटी के निर्माण में लगभग 70 हेक्यटर भूमि चिन्हित करते हुये लगभग 34 करोड़ लागत का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। एयरपोर्ट पर टर्मिनल के अलावा गार्डरूम, स्टाफ रूम आादि का निर्माण कराया जाना था। जिले के विकास में हवाई पट्टी की सौगात भी स्वप्न साबित हो रही है।

## लोकायुक्त ने पांच हजार की रिश्वत लेते लिपिक को किया गिरफ्तार

**जीएसटी नंबर दिलाने व छापा न मारने के एवज में मांगी थी घूस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्टेट जीएसटी सर्किल 2 के लिपिक को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। लिपिक ने बरही के किराना दुकान व्यापारी से जीएसटी नंबर दिलाने और छापा न मारने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत की राशि पीड़ित ने कटनी-मैहर रोड पर चाका बाइपास के नजदीक दी और उसी समय जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने लिपिक को धर दबोचा। उसे एमपीईबी के माधवनगर रेस्ट हाउस ले जाया गया है। जहां कार्रवाई की जा रही है।



जानकारी के मुताबिक नंदकिशोर गर्ग स्टेट जीएसटी सर्किल 2 में सहायक ग्रेड-3 के के पद पर पदस्थ है। लिपिक ने बरही क्षेत्र के किराना दुकान व्यवसाई दिलराज किशोर अग्रवाल से जीएसटी नंबर दिलाने और उसकी दुकान पर छापा न डालने के एवज में पांच हजार रुपए हर माह देने की मांग रखी थी। जिसको लेकर दुकानदार ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त को शिकायत दी थी।

पुलिस अधीक्षक ने जिसका सत्यापन कराते हुए शनिवार को डीएसपी सुरेखा परमार के नेतृत्व में टीम भेजी थी। शनिवार की सुबह टीम चाका बाइपास पहुंची। जहां पर व्यापारी दिलराज ने लिपिक को रिश्वत के पांच हजार रुपए दिए और टीम को इशारा किया। इशारा पाते ही टीम ने लिपिक को राशि के साथ धरदबोचा। उसे माधवनगर के एमपीईबी रेस्ट हाउस लाया गया है। जहां पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डीपीएस में क्रिसमस सेलीब्रेशन का हुआ आयोजन



दिल्ली पब्लिक स्कूल, कटनी में क्रिसमस सेलीब्रेशन का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्रात :कालीन विशेष प्रार्थना सभा में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती रिया मनोचा एवं श्रीमती दीक्षा वाधवा ने किया। प्रायमरी के छात्रों ने मरियम, यूसुफ, फरिश्ते, चरवाहे, राजा, पाइस मेन का अभिनय कर मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षक अनुग्रह थ्योडोरे ने बच्चों को बताया कि क्रिसमस, यीशु का जन्म दुनिया में, शांति सद्भाव और खुशी का अवसर है उन्होंने क्रिसमस के बारे में जानकारी दी। सेंटा क्लाज ने टाफियाँ और उपहार बाँटे । सेंटा ने बच्चों के साथ डांस और मस्ती करते हुए उनके बीच धूम मचा दी। बच्चे बहुत प्रसन्न थे। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने बच्चों को बधाई दी और उन्हें बताया कि यह त्योहार प्रेम व सौहार्द की मिसाल कायम करता है। चैयरमैन उत्तमचंद जैन ने भी बधाई दी

## जीआरपी व कोतवाली ने की संयुक्त पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेलवे स्टेशन के आउटरों में हो रही मोबाइल लूट की वारदातों को रोकने के लिए शनिवार को कोतवाली पुलिस ने जीआरपी पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने सहित काफी संख्या में पुलिस मौजूद रहा।

संयुक्त रूप से की गई पेट्रोलिंग के दौरान खिरहनी फाटक रेलवे ट्रैक और खिरहनी फाटक क्षेत्र में पहुंचकर संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटाई गई। कोतवाली टीआई आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि चलती ट्रेन में डंडा मारकर यात्रियों के मोबाइल लूटने की वारदातें हुई है। इन्हीं वारदातों के संबंध में पुलिस की पेट्रोलिंग की जा रही है। आउटर में ट्रेन कि धीमी गति होने और यात्रियों के ट्रेन के दरवाजे में बैठकर यात्रा करने के कारण ऐसी वारदातों को बदमाश अंजाम दे रहे हैं। सभी बदमाशों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। कुछ संदिग्धों को पकड़ा भी गया है।



जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि रेलवे आउटर में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। आदतन अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि खिरहनी फाटक और गायत्री रेलवे आउटर में फिक्स पाइंट निर्धारित कर जीआरपी कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 63 हजार 587 मेट्रिक टन धान का परिवहन

**809 किसानों को 9 करोड़ रूपए की राशि का हुआ भुगतान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में किये जा रहे धान उपार्जन एवं परिवहन कार्य की सतत समीक्षा एवं निगरानी के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपाल में जिले में धान परिवहन के कार्य में विगत दो दिवसों में 9 फीसदी इजाफे के साथ अब 56 फीसदी हो गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 22 दिसंबर 2023 तक जिले मे 12 हजार 716 कृषकों से 1 लाख 14 हजार 201 मेट्रिक टन धान विक्रय की गई है। वर्तमान में धान खरीदी प्रक्रियाधीन है।

आपने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देश के उपरांत जारी किये जाने वाले स्वीकृति पत्रक, परिवहन एवं भुगतान में प्रगति परिलक्षित हुई है। वर्तमान समय तक 1 लाख 14 हजार 201 मेट्रिक टन धान खरीदी के विरुद्ध 63 हजार 587 मेट्रिक टन लगभग 56 फीसदी धान का परिवहन किया जा चुका है, तथा 35 हजार 373 स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके है। इसके साथ ही अभी तक 809 कृषकों को 9 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान आधार लिंक बैंक खातें में जे.आई.टी के माध्यम से किया जा चुका है। आगे भी भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

### समर्थन मूल्य पर खाद्यान उपार्जन का कार्य महिला स्वसहायता समूह को देन भेजा प्रस्ताव

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने समर्थन मूल्य पर खाद्यान उपार्जन का कार्य एन.आर.एल.एम के महिला स्व-सहायता समूह को देने हेतु संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश भोपाल को प्रस्ताव भेजा है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शासन की मंशानुसार एन.आर.एल.एम. अंतर्गत पंजीकृत महिला स्व सहायता को उपार्जन कार्य देने के संबंध जारी दिशा- निर्देश के तारतम्य में जिला उपार्जन समिति द्वारा ग्राम देवरी मझगवां तहसील विजयराघवगढ़ की पूनम स्वसहायता समूह की पात्रता संबंधी दस्तावेजों का सूक्ष्म परीक्षण एवं जानकारी संलग्नकर उपार्जन कार्य हेतु अनुमति प्रदान करते हुए ई-उपार्जन पोर्टल पर ड्रॉपडाउन में प्रदर्शित करानें का आग्रह किया है।

## हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभांवित

# आधा दर्जन पंचायतों में आयोजित हुए संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गनिर्देशन में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले की 6 जनपद पंचायतों के अंतर्गत 6 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये ।

इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की । कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया । कार्यक्रमों में आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया । कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया ।



शनिवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत सलैया फाटक और कौंडिया जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बरेली और रामपुर एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत खलवारा और खिरवा नंबर 2 में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुईं। इस दौरान ग्राम पंचायतवार नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं नोडल अधिकारी की भी मौजूदगी रही।

### कलेक्टर ने रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना हेतु लिखा पत्र

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य आयुक्त को पत्र लिखकर जिला चिकित्सालय कटनी में रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना करने एवं जिला रेसीडेंसी कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज जबलपुर से एक स्नातकोत्तर विद्यार्थी को यहां पदस्थ करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने आयुक्त संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट का पद 6 जुलाई 2023 से यहां पदस्थ रहे रेडियोलॉजिस्ट की पदोन्नति के बाद से रिक्त हैं। जिससे जनता को सोनोग्राफी हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कलेक्टर ने उल्लेखित किया है कि जिले में 3 निजी रेडियोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी कराई जा रही है।



## सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी के वार्ड नंबर 17 में धरमपूरा हनुमान जी मंदिर से मनोज साहू के घर तक बनाने वाली सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय ,जनपद सदस्य प्रतिनिधि रवि अवस्थी ,पंच पुनीत सेन ,पंच श्यामदत्त राय ,पंच राजा राय ने किया । जनता की लगातार मांग पर सिलौंडी पंचायत ने जन सुविधा को ध्यान रखते हुए नाली एवँ सी सी रोड बनाने का प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान की थी । आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ । इस अवसर संतोष बर्मन ,रोजगार सहायक अमरीश राय , इंजीनियर अतुल बर्मन ,रवि शंकर गडारी ,अंकित मिश्रा ,अरुण राय ,रोहित साहू की उपस्थिति रही है ।

## खबर संक्षेप



### 50 लाख से निर्मित होने वाले लैब कार्य का भूमिपूजन

**कटनी।** जिले मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विधानसभा बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा शुक्रवार को 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन लैब का भूमिपूजन बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया। इस सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यालय प्रभारी हर्ष, मीडिया संयोजक खेमचंद यादव, आईटी प्रभारी शुभम श्रीवास, मंडल उपाध्यक्ष केतन गर्ग अनुराग गुप्ता बड़वारा बीएमओ डा अनिल झमनानी साहित मप्र हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर मौजूद रहे।

### विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी होगी अहम

**ढीमरखेड़ा।** उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत को लेकर व्यख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य ड़ॉ आरती धुर्वे ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी अहम होगी।देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में देश के युवाओं को सक्रिय रूप में शामिल करने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज देश के युवाओं को ऐसा मंच देगी,जिसके जरिये वे विकसित भारत के दृष्टिकोण में अपने विचारों को रख सकते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि विकसित भारत 2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी अपने विचार साझा किए। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं और राष्ट्रीय योजना ईकाई के सदस्यों ने अपना पंजीयन कराया।

### निगमायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-2 का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-2 का किया औचक निरीक्षण किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-2 बिलहरी मोड़ झिंझरी में आवास निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ किया गया है। कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश स्थल पर संविदाकार को दिये गये साथ ही पहुंच मार्ग एवं आंतरिक मार्गो का निर्माण एवं अधोसंरचना के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। योजना के तहत निर्माणाधीन 08 दुकानों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश मौके पर दिये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीके शर्मा, अनिल जायसवाल, व्हीआरपी एसोशिएसन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहीं।

### तीन दुकानदारों की दुकान बंद करने की कार्यवाही

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय सोनी एवं निगम टीम ने आज नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांस व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। आज 22 दिसम्बर को कावसजी वार्ड में नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा 03 दुकानदारों की दुकान बंद करने की कार्यवाही की गई।

### बनेहरा के बिजली तारों को किया गया व्यवस्थित

**कटनी।** ग्राम बनेहरा मे बल्लियों क सहाये बिजली के तार फैलनें से करंट लगनें के खतरें की शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यपालन अभियंता (सं.सं.) दक्षिण संभाग मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को स्थल की जांच कराते हुए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता द्वारा स्थल की जांच सहायक अभियंता उमरियापान वितरण केन्द्र के द्वारा कराई गई। जांच के दौरान ग्राम बनेहरा में स्थापित 63 के.व्ही के ट्रांसफार्मर से चल रहे कनेक्शनों को अस्थाई कनेक्शन देकर वैध करनें की कार्यवाही की गई है।

---

अधिकारियों की समझाइश के बाद जिला चिकित्सालय आने हुए राजी

# गर्भवती की हालत भी खराब, अंधविश्वास व नीम-हकीम के चक्कर में पड़े थे स्वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों की नियमित समीक्षा और निगरानी की वजह से ढीमरखेड़ा क्षेत्र की गंभीर एनेमिक गर्भवती महिला को समय पर उपचार मिल सका। ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पहरूआ की रक्ताल्पता से जूझ रही 8 माह की गर्भवती महिला की जिसकी जान बचाने कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वजनों को समझा -बुझाकर जिला चिकित्सालय भेंजकर खून चढ़ाने और बेहतर इलाज होने की समझाइश देने में एड़ी -चोटी का जोर लगा दिया। अंततः अधिकारी स्वजनों को समझाने में सफल रहे और फिर गर्भवती को 108 एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया कराई गई ,जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया ,जहां अब उनकी सभी जांचें कर जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में खून चढ़ाया जा रहा है।



दरअसल स्वजन अंधविश्वास,परंपरा और स्थानीय नीम हकीमों के चंगुल में कुछ इस तरह फंसे थे कि वे इनकी बातों पर हमेशा आंख मूंदकर भरोसा करते रहे, की सब कुछ ठीक और सामान्य है, पर अंततः स्थिति यह हो गई कि 24 वर्षीय गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन कम होकर 4.7 हो गया।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी के प्रसाद ने बताया कि कम हीमोग्लोबिन की वजह से गर्भवती महिला काफी कमजोर हो गई थी और पैरों में सूजन भी आ गई थी।

### नहीं मान रहे थे परिजन

दिलचस्प बात यह रही कि पिछले दो माह से लगातार आशा कार्यकर्ता उर्मिला पांडेय द्वारा गर्भवती महिला के घर जाकर गर्भावस्था में खुद की देखभाल, ख़ानपान और आयरन गोली दवाओं के सेवन और नियमित तौर पर जांच करवाने की समझाइश को शाय़द अंधविश्वास के चलते नजरंदाज किया जा रहा था। लेकिन हालत बिगड़ने पर जब डाक्टर प्रसाद ने जिला चिकित्सालय रेफर करने की बात कही तो, परिवारजन माननें तैयार ही नहीं हो रहे थे। ऐसे में डाक्टर प्रसाद ने एसडीएम ढीमरखेड़ा श्रीमती विंकी सिंहमारे उइके को वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी दी। इस पर एसडीएम ने तत्काल समझाइश देने मौके पर तहसीलदार अजय मिश्रा और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास आरती यादव को भेजा। काफी मेहनत मशक्कत के बाद अधिकारी गर्भवती महिला के पति को जिला चिकित्सालय में बेहतर उपचार होने का यकीन दिलाया और स्वजन सहमत हो गए।

### इनकी भूमिका रही सराहनीय

गर्भवती महिला के दो जीवित बच्चें हैं और यह उनका चौथा प्रसव है। इस पूरे मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा पांडेय, लता क्षत्रिय, सुनीता ठाकुर और एएनएम अनीता साहू सहित आशा सहयोगिनी उत्तरा पांडेय की भूमिका सराहनीय रही।

---

# मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा,। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मतदाता सूची से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम को हटाने की कार्यवाही की भी हिदायत दी है।

### 8 फरवरी को अंतिम प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही जिले में भी फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

### विशेष कैंप लगाएं जाएंगे

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जुड़वा सकेंगे नाम

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन अवजमत ‛मसचसपदमं चच और अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

---

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में डीसी ने दिये निर्देश

# खराब प्रोग्रेस वाली समितियों में करें बदलाव, कार्यों में न करें लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि समितियों की ग्रेडिंग करें।प्रस्फुटन समितियों को सक्रियता बढ़ाएं और डाटा बेस तैयार करें।सेक्टर में लगातार समितियों की बैठक लें। जिन समितियों की प्रोसेस खराब है वहा बदलाव करें।संस्था प्रमुख अपने कार्यों में बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें।जिम्मेदारी से काम करें। उक्त बातें जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक ड़ॉ तेजसिंह केशवाल ने नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय त्रिमासिक समीक्षा बैठक एवं सहप्रशिक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि संस्था प्रमुख क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों की जानकारी एकत्रित करें। जिन नवांकुर संस्थाओं की



रिपोर्ट गड़बड़ है उन पर कार्रवाई भी होगी। जिला समन्वयक ने विकासखंड समन्वयकों को भी निर्देशित किया कि वे लगातार नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा करें। निष्क्रिय नवांकुर संस्थाओं का बदलाव करें। बिजौरी स्थित मानव जीवन विकास समिति प्रशिक्षण केंद्र में जिले की सभी नवांकुर संस्थाओं की त्रिमासिक समीक्षा बैठक एवं सहप्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का संचालन कटनी बीसी बालमुकुंद मिश्रा ने किया। प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर बैठक व प्रशिक्षण,विधिवत आयोजन आवश्यक तैयारी को लेकर जानकारी दी। ढीमरखेड़ा बीसी बबीता शाह ने प्रस्फुटन एवं नवांकुर संस्थाओं का डाटा बेस तैयार करने और लेखा संधारण को लेकर जानकारी दी। बड़वारा बीसी नंदिनी वाटिया ने निष्क्रिय समितियों की सक्रियता बढ़ाने को लेकर जानकारी दी। विजयराघवगढ़ बीसी आरती गुप्ता ने कौशल संवाद और बहोरीबंद बीसी अरविंद शाह ने जल संरक्षण को लेकर प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिले के सभी विकासखंडों की नवांकुर संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।इसके साथ ही एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पीवी और प्रशिक्षण केंद्र के सचिव निर्भय सिंह ने भी नवांकुर संस्थाओं के सदस्यों को समाज और देश हित मे काम करने की प्रेरणा दी। रवि श्रीवास्तव और आनंदम विभाग प्रमुख अनिल काम्बले ने विभागीय जानकारी देते हुए सुशासन दिवस की शपथ दिलाई।

---

## एक सप्ताह में शर्तो का पालन करने दिये निर्देश



राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण ( सिया) द्वारा जारी निर्देश के परिपेक्ष्य में एम.पी. सिया द्वारा जारी पर्यावरणीय अनुमति में निहित शर्तों के अनुपालन के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में 20 खदानो के पट्टाधारको के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला खनिज अधिकारी संतोष सिंह भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान जिन पट्टाधारको द्वारा पर्यावरणीय अनुमति में निहित शर्तों के अनुसार कार्य नही किया गया है, उनको पर्यावरणीय अनुमति में निहित शर्तों के अनुरूप वृक्षारोपण एवं सी.ई.आर गतिविधियों का एक सप्ताह के अंदर पालन सुनिश्चित कर प्रभारी अधिकारी खनिज अधिकारी को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

---

कलेक्टर की नो बुके, जस्ट ए बुक पहल से लाभान्वित हो रही नई पीढ़ी

# कार्यक्रमों और समारोह दौरान भेंट में मिली पुस्तकों से समृद्ध हो रही लायब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अनूठी और अनुकरणीय पहल पर नो बुके, जस्ट ए बुक का सार्थक प्रभाव लोगों पर पड़ा है। जहां एक ओर कलेक्टर श्री प्रसाद की अपील पर उनसे मिलने आने वाले मुलाकाती के हाथ में अब बुके की बजाय बुक नजर आती है, तो यही दृश्य समारोहों व कार्यक्रमों में दिखता है जहां उनका स्वागत बुके की बजाय किताबों से किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि जिले के सभी छात्रावासों में लाइब्रेरी स्थापित करने का नवाचार कलेक्टर श्री प्रसाद के द्वारा किया जा रहा है। जहां वे जिला शिक्षा केंद्र और आदिम जाति कल्याण विभाग के संबंधित



छात्रावासों में विभागीय और सीएसआर मद के जरिए पुस्तकालय को स्थापित कर रहे हैं तो साथ ही उन्हें उपहार में मिलने वाली पुस्तकों को इन लाइब्रेरी को विकसित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। जिनका अध्ययन कर छात्रावासी विद्यार्थी भाषा, बौद्धिक और साहित्यिक ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।

कलेक्टर की इस पहल नो बुके, जस्ट ए बुक के तहत मिली संग्रहित पुस्तकों को कलेक्टर ने लायब्रेरियों को प्रदान किया। इन पुस्तकों में जिले भर मे कलेक्टर के इस सद्प्रयासों की प्रशंसा की जा रही है और उनकी इस पहल को अनुकरणीय बताया।

---

प्राचार्यों और शिक्षकों के प्रयासों को किया प्रोत्साहित

# कलेक्टर ने मिशन फाइनल-30 के प्रश्न निर्माणी टीम की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षाओं की दृष्टि से छात्रों की लगनशीलता और शिक्षकों द्वारा पढ़ाई के संबंध में की जा रही मेहनत की सराहना की। इससे छात्रों के परीक्षा परिणाम में भी बेहतरी परिलक्षित होगी और छात्रों का आत्मविश्वास और मनोबल भी बढ़ेगा। बैठक में कलेक्टर ने मिशन फाइनल-30 के प्रश्न बना रहे टीम में शामिल प्राचार्यों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया।

बैठक में प्राचार्यों और शिक्षकों ने कलेक्टर श्री प्रसाद को अपने-अपने स्कूल में क्रियान्वित मिशन-45 और इसके घटक मिशन फाइनल-30 के संबंध में कई रोचक संस्मरणों और अनुभवों को साझा किया। शिक्षकों ने बताया कि मिशन-45 बच्चों को बेहद पसंद आ रहा हैं, एवं बच्चों ने इसमें बहुत रूचि दिखाई है और इस योजना की वजह से छात्रों की उपस्थिति भी बढ़ी है। काफी छात्र-छात्राओं ने मिशन-30 के अनुसार आगामी परीक्षा की तैयारी शुरू की है।



कलेक्टर श्री प्रसाद ने शिक्षकों से यह भी पूछा कि वे प्रश्न कहां से बनाते हैं? इससे छात्र-छात्राओं को क्या-क्या लाभ हुए हैं? कलेक्टर ने अपना अनुभव भी शिक्षकों को बताया कि वे कैसे अपने स्कूल की परीक्षा की तैयारी करते थे। प्राचार्यों ने बताया कि मिशन-45 के तहत छात्र-छात्राओं को दिये जाने वाले प्रश्नों से आने वाली परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद मिल रही है। मिशन-45 के तहत प्रश्न बनाने वाले शासकीय विद्यालय पडुआ के शिक्षक ने बताया कि उनसे दूसरे विद्यालय के शिक्षको द्वारा प्रश्न मांगे जाते है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि शिक्षको व प्राचार्यों द्वारा बनाये जा रहे प्रश्नों कि एक बुकलेट तैयार कि जायेगी। जिससे आगे के छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी में आसानी होगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि अगर इन सब प्रयासों से बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम आये तो मुझे बहुत खुशी होगी कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा के समय क्या करना चाहिए छात्र-छात्राओं को उसके बारे में भी बतायें।

---

साधूराम स्कूल एवं सीएलपी स्कूल के सामने लगा संकल्प यात्रा शिविर

# विभिन्न योजनाओं से तीन सैकड़ा से अधिक हितग्राही लाभांन्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साधूराम में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली का शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल सुनील उपाध्याय आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित किया। रसकला विद्यालय की 3 छात्राओं द्वारा एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही भोपाल से पधारे कलाकारों ने राजस्थानी कठपुतली नृत्य के माध्यम से समाज में योजनाओं का संदेश दिया। योजनाओं से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक सीएलपी स्कूल के



सामने शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाजपा जिला संयोजक सुनील उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया हैं इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा हैं या नहीं इसके लिये शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला गैस योजना एवं आयुष्मान कार्ड योजना के काउंटर भी शिविर में लगाकर हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाये।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नल जल योजना पीएम आवास स्वनिधि योजना पेंशन विवाह योजना संबल कार्ड श्रमिक कार्ड सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं पात्र हितग्राहियों को इन विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतांजलि कला परिषद की छात्राओं द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा में मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुति पर निगम अधिकारियों ने नगद राशि से पुरूस्कृत किया गया। गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं द्वारा भी गीत की शानदार प्रस्तुति दी गयी शिविर में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के साथ वार्ड के नागरिकगणों की उपस्थिति रहीं।

### 315 आवेदन प्राप्त

साधूराम स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में निगम द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित अलग अलग कांउटरों की व्यवस्था की गयी थी जिसमें पात्र हितग्राहियों ने अपने आवेदन दिये। समग्र आईडी में दोनों शिविरों में 30 हितग्राहियों ने अपने आवेदन दिये। नल कनेक्शन के लिये 2 आवेदन प्राप्त हुये। श्रमिक कार्ड में 50 आवेदन प्राप्त हुये इसी प्रकार संबल योजना में 15आवेदन प्राप्त हुये स्वनिधि के 35 आवेदन प्राप्त हुये कर निर्धारण के काउंटर में एक भी आवेदन नहीं पहुंचा। शौचालय से संबंधित 4 आवेदन दिये गये आधार पंजीयन से संबंधित 5 आवेदन प्राप्त हुये।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुये उज्जवला योजना के 30 आवेदन मिले आयुष्मान के 35 आवेदन प्राप्त मिले।

### उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाये गये शिविरों के दौरान सफाई मित्र फायर मेन स्थानीय कलाकार खिलाडी समाजसेवी,महिलाओं द्वारा विशेष उपलब्धि,पीएम मात्र वंदना योजना हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

---

# 15 जनवरी तक कार्यवाही पूर्ण करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त के भुगतान हेतु आधार/बैंक खाता लिंकिंग, ई-केवायसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही 15 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश राज्य शासन द्वारा जारी किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छूटे हुये पात्र हितग्राहियों को योजना में सम्मिलित करने के लिये 15 जनवरी 2024 तक ग्रामीण स्तरीय विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश जारी किये गये है। सेचूरेशन ड्राइव हेतु भारत सरकार द्वारा तैयार की गई मानक संचालन प्रक्रिया की प्रति शासन द्वारा भेजी गई है ।

### ई केवाईसी अनिवार्य

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र किसान की भूमि का ब्यौरा, आधार नम्बर से लिंक्ड डी.बी.टी. हेतु एनेबल बैंक खाता तथा ई-केवाईसी अनिवार्य है, 15 जनवरी 2024 तक परिचालित विशेष अभियान में विषय से संबंधित अनिवार्य कार्यवाहियां सुनश्चित कर ऐसे पात्र हितग्राहियों को चिन्हित किया जाना अपेक्षित है जिनका कि पंजीकरण पी.एम. किसान योजना के तहत अभी तक नहीं किया जा सका है।

### छूटे हितग्राहियों को करें चिन्हित

अभियान के दौरान 23 दिसम्बर (किसान दिवस) अथवा 25 दिसम्बर को प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा आयोजित की जायें तथा आयोजित ग्राम सभा में पी.एम. किसान हितग्राही सूची का वाचन करते हुये, छूटे हुये पात्र हितग्राही को चिन्हित कर, जानकारी पी.एम. किसान पोर्टल पर नियत प्रक्रिया अनुसार अद्यतन करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन कैलेण्डर में मुद्रण के लिए भेजें छायाचित्र

**पन्ना।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला पन्ना अंतर्गत वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेण्डर का मुद्रण कराया जाना है। जिले के पर्यटन स्थलों जैसे नेशनल पार्क, ऐतिहासिक धरोहरों, मंदिरों, हीरों एवं झीलों, रमणीक स्थल, बृहस्पति कुण्ड और अन्य जल प्रपात के संक्षिप्त विवरण एवं छायाचित्र की थीम पर आधारित कैलेण्डर मुद्रित कराए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति आगामी 28 दिसम्बर तक जिला पंचायत कार्यालय में संक्षिप्त विवरण सहित पर्यटन स्थल का छायाचित्र प्रस्तुत कर सकते हैं। छायाचित्र चयनित होने पर पर्यटन कैलेण्डर में संबंधित व्यक्ति का नाम अंकित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आज

**दमोह।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसम्बर 2023 को ''राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस'' के रूप में मनाये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिये गये है। कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यो की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी । जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा है कि 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर सम्पन्न

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज हटा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मड़ियादो और शिवपुर में शिविर आयोजन किया गया। मड़ियादो में पुराना थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, श्री कमलेश , अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, केलाश अग्रवाल, विष्णु सोनी, सरपंच राधारानी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

किशुन तलैया में विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर मिले बच्चों को दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





प्रत्येक बच्चे को सामाजिक सुरक्षा का पूर्ण लाभ प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है किन्तु कुछ बच्चे आवश्यक दस्तावेजों के आभाव में शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं ऐसे ही कुछ बच्चे शहर से लगी ग्राम पंचायत के ग्राम किशुन तलैया में होने की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह को प्राप्त हुई जिनके जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, समग्र आई.डी. इत्यादि नहीं थीं। श्रीमती रेणुका कंचन, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के संज्ञान में लाये जाने पर उन्होंने तत्काल इस सबंध में शिविर आयोजित किये जाने के निर्देश पर समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से ग्राम किशुन तलैया में ग्रामीणों के दस्तावेजों के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित बच्चों के दस्तावेजों को तैयार कराये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंबुज पाण्डेय जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणएवं श्री रजनीश चैरसिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, मोहित जैन, तहसीलदार, संजीव मिश्रा, महिला सशक्तीकरण अधिकारी, चक्रेश पटेल प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, रियाज कुरैशी, प्रभारी जिला पुनर्वास केन्द्र, गोविंद यादव, ग्रामीण विकास समिति, सरपंच सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता /सहायिका, पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। श्री अंबुज पाण्डेय ने बताया कि कुछ बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, समग्र आई.डी. राशन पर्ची नहीं होने से शासकीय योजनाओं का लाभ से वंचित है यह जानकारी प्राप्त होने से शसन के संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 52 बच्चे लाभान्वित हुये एवं शेष बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण-पत्र हेतु आवश्यक जानकारी प्राप्त कर दस्तावेज तैयार किये जावेंगे।

## जिला एवं ब्लॉक योग समिति की बैठक 26 दिसंबर को

**दमोह।** मध्य प्रदेश योग आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 26 दिसंबर, दिन मंगलवार को 11:00 बजे से जिला योग समिति की बैठक का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह में किया जा रहा है, जिसमें समस्त जिला योग समिति, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड योग प्रभारी एवं ब्लॉक योग समिति के सदस्यों को अभी तक अपने ब्लॉकों में जिला एवं ब्लॉक योग समिति गठित संबंधी जानकारी, जैसे ग्राम योग समिति, वार्ड योग समिति की कार्यकारिणी की जानकारी लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह राजपूत एवं जिला योग समिति सचिव एस. के. नेमा, जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अधिकारियों को जानकारी लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु पत्र जारी किया है। ताकि मुख्यमंत्री योग केंद्र का संचालन शासन की मनसा अनुसार प्रारंभ किया जाए।एवं जिले में गठित जिला एवं ब्लॉक योग समितियां के द्वारा नियमित योग कक्षाओं का संचालन एवं उनका प्रशिक्षण करने हेतु अनिवार्य बैठक आहूत की गई है। संपूर्ण बैठक की कार्यवाही श्री द्वारका प्रसाद करकरें जिला योग प्रभारी करेंगे।

## न्यायाधीशों ने सब जेल का किया औचक निरीक्षण



**हटा।** सब जेल हटा में शनिवार को हटा न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश श्री देवेन्द्र अतुलकर एवं न्यायाधीश दीप्ति ठाकुर द्वारा हटा सब जेल का निरीक्षण किया। जिसमें बंदियों की बैरक साफ-सफाई व्यवस्था गार्डन एवं अन्य गतिविधियों का न्यायाधीशों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं बंदियों से व्यवस्थाओं से संबधित चर्चा की गई यह पब परिसर में बंदियों द्वारा बनाए गए गार्डन को देखकर न्यायाधीशों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान सब जेल हटा में व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर न्यायाधीशों द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई इस मौके पर जेलर नागेन्द्र चौधरी एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## कीट एवं रोग नियंत्रण की दी सलाह

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सहायक संचालक एवं अनुविभागीय अधिकारी कृषि जे. एल. प्रजापति एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एम. पी. सरवैया ने विकासखंड हटा के ग्राम छेवला के कृषक बब्लू पटेल एवं कृषक प्रदीप दुबे के खेत में लगी चने एवं मसूर की फसलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर चना, मसूर में पौधे सूखने और चने में इल्ली की समस्या देखी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने कृषकों को सलाह दी है कि इल्ली की समस्या के लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 5%**S.G**. की 100 ग्राम/एकड़ मात्रा का छिड़काव एवं मसूर फसल मे माहू की समस्या के लिए थाईमेथोक्साम (12.6%) + लैम्बडासाईलोथ्रिन (9.5%) जेट सी की 80 मिली प्रति एकड़ की दर से फसल में छिड़काव किया जाए। श्री प्रजापति ने बताया मसूर एवं चने में सूखने की समस्या के लिए कवकनाशी डिफ़ेनोकोनाजोल 10%+ मेन्कोजेब 50% की 200 ग्राम /एकड़ या टेबुकोनाजोल 10% + सल्फर 65% डब्ल्यू जी 250 ग्राम/एकड़ की दर से फसल में छिड़काव करना चाहिए।

## एडस के प्रति जाग्रत करने हुआ नुक्कड नाटक




**हटा।** कई असाध्य रोगों की दवा अब आ चुकी है, लेकिन आज भी कुछ ऐसे संक्रमित रोग है जिनकी दवा अभी तक नहीं खोजी गई है, उनमें से एड्स भी एक ऐसी बीमारी है जो इंसान को धीरे धीरे मौत के मुंह में धकेल देता है, इसके लिए जरूरी है की इंसान स्वयं समझदारी का परिचय दे क्योंकि समझदारी में ही इसी सुरक्षा है। यह बात स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि नेत्र सहायक अरविन्द नेमा ने आज बस स्टेंड पर नुक्कड नाटक की प्रस्तुती के दौरान कही। शनिवार को नगर के बस स्टेंड पर मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के मार्गदर्शन में नुक्कड नाटक की प्रस्तुत दी गई, मां राज सरस्वती लोक कला संस्थान समिति के सदस्यों ने नाटक के माध्यम से एड्स कैसे फैलता है इसके क्या लक्षण है इससे कैसे बचा जा सकता है इसकी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दशरथ कोरी भी उपस्थित रहे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण की परीक्षा संपन्न



**दमोह।** शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह मे 3 माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की कराते बेल्ट प्रमाण-पत्र परीक्षा संपन्न कराई गई यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास मे ब्रद्धि करता है अपितु विपरीत परिस्थितियों मे स्वयं की रक्षा करने मे सक्षम बनाता है। इस कराते बेल्ट परीक्षा मे सी एम राइज स्कूल में 90 बालिकाएं शामिल हुई। छात्राओं की कराते बेल्ट प्रमाण-पत्र परीक्षा परीक्षक व अधिकृत कराते प्रशिक्षक सेंसाई संतोष पटेल ने ली। इस बेल्ट परीक्षा मे सी एम राइज स्कूल दमोह के प्राचार्य आर. पी. कुर्मी, एस के द्विवेदी (डी.पी.सी.रमसा विभाग)व ललित कुमार रैकवार (बी.आर.सी.) विद्यालयों में आत्म रक्षा कराते प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है ये कराते प्रशिक्षक सेम्पाई धर्मेंद्र सिंह जूदेव एवं अन्य विद्यालयों के कराते प्रशिक्षक प्रकाश रैकवार ,रक्षा रजक, हर्षा, प्रीति विश्वकर्मा उपस्थिति रहे ।

## जिन मंदिर का शिलान्यास समारोह का हुआ समापन



**दमोह।** धर्मानगरी दमोह में नवीनतम भाव जिन मंदिर का शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। समारोह में सुधीर जी कटनी गुलाबचंद जी सुभाष ट्रांसपोर्ट सागर शाइनिंग स्टार परिवार , आगम नेत्र चिकित्सालय सावित्री दीदी आदि ने शिलान्यास विधि को संपन्न किया शिलान्यास की विधि डॉक्टर मनोज शास्त्री जबलपुर वालों के माध्यम से संपन्न की गई। जिन मंदिर की उपयोगिता बताते हुए संजय जी शास्त्री ने कहा कि जिन मंदिर दुखों को को दूर करने का उपाय है शिलान्यास में सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने स्वर्ण रजत ईट रखकर शिलान्यास विधि को संपन्न किया। संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन ब्रज जी शास्त्री जबलपुर, अमित जी अरिहंत भोपाल, संजय जी जेवर के माध्यम से किया गया। कुंदकुंद कहान ट्रस्ट दमोह के अध्यक्ष दिनेश जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## गीता जयंती पर पी सी शर्मा का हुआ व्याख्यान



**दमोह।** गीता जयंती के अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह में कुलाधिपति प्रो. डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलपति प्रो. डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव प्रो. डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के मार्गदर्शन व अधिष्ठाता कला एवं मानविकी के निर्देशन में गीता जयंती समारोह के अन्तर्गत 'गीता दर्शन आज और कल' विषय पर व्याख्यान आयोजित की गया। जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता की पुस्तक का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सूर्यनारायण गौतम के द्वारा गीता की विशिष्टता को प्रतिपादित करते हुए दिया गया। इसके अनन्तर मुख्य वक्ता गीता मर्मज्ञ पी. सी. शर्मा ने गीता की प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो.आर.सी. जैन ने गीता किसलिए प्रासांगिक है, इस विषय को स्पष्ट किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. उषा खण्डेलवाल ने गीता को अध्यात्म की बूटी बताया। अर्थशास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार साहू ने गीता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं तो अनमोल हूँ- तुम मेरा दाम नहीं हो। कर दे कोई मदहोस, ऐसा जाम नहीं हो। मुझे पाने के लिए लेना होगा दूसरा जन्म, मैं जिसकी राधा हूँ, तुम वो घनश्याम नहीं हो। सह संयोजक डॉ. आशीष जैन, विभागाध्यक्ष संस्कृत ने सारगर्भित उद्बोधन के पश्चात आये हुए अतिथियों, श्रोताओं एवं विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रो. किरण श्रीवास्तव, डॉ. सरिता जैन दोशी, डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ. श्याम सुन्दर पटेरिया, डॉ. दुर्गा महोबिया, डॉ. सिराज खान, डॉ. दीपक रजक, डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ. आशीष जैन (प्राकृत विभाग), डॉ. हृदय नारायण तिवारी, अंजली नेमा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का

## संरचना एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉ पी एल जैन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ अवधेश जैन के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों में कालेज चलो अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डॉ असलम खान ,डॉ शिरीन खान एवं संतोष कुमार कुम्हार शासकीय जे वी पी विद्यालय में श्रीमती जया अहिरवार एवं बृजेश मौर्य शासकीय एम.एल.बी विद्यालय में डॉ बृजेंद्र कुसमरिया एवं श्रीमती प्रीति वर्मा. शासकीय केशवराम पांडे विद्यालय में दीपक सैनी एवं श्रीमती नयनतारा शासकीय सरदार पटेल विद्यालय में डॉ प्रणव मिश्रा, डॉ. चंद्रशेखर राठौर एवं डॉ राजेश पौराणिक और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में डॉ. अपर्णा गोस्वामी श्रीमती सुरेखा बडोले एवं श्री दिनेश पटेल आदि ने कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्राओं को 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाएं एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संपूर्ण विषय की जानकारी . पीपीटी एवं मौखिक रूप से छात्रों के बीच साझा की। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के साथ-साथ पाठ्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी दी .छात्रवृत्तियों की जानकारी के साथ-साथ विषय की संरचना से भी अवगत कराया इसी के साथ-साथ शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में संगीत और उर्दू गृह विज्ञान विषय के बारे में भी जानकारियां दी होमसाइंस जानकारी दी इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन पी नायक डॉ पी एल जैन डॉ अरुणा एम जैन एवं डॉ डीके नेमा का विशेष मार्गदर्शन रहा।

### सेवानिवृत्त धनीराम बाबू का निधन

**हटा।** तहसील कार्यालय से सेवानिवृत्त नगर के रामगोपाल जी वार्ड निवासी गुरुकुल विद्यालय की प्राचार्य उमा बर्दिया, शिक्षक सूरज बर्दिया, दिनेश मिस्त्री के पिता श्री धनीराम प्रजापति का 78 वर्ष में शनिवार की सुबह निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार नगर के गौरीशंकर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां अंतिम संस्कार में नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पूर्णाहुति विशाल भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन

# लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा-पं केशव देव जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विकासखंड के ग्राम दादपुर के सरदार पटेल खेल परिसर में भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल के नेतृत्व में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पंडित केशव देव जी महाराज ने परीक्षित मोक्ष कथा के माध्यम से मानव के मोक्ष के विभिन्न उपाय व रास्ते बताएं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दिन भर के कर्मों कार्यों का चिंतन मनन रात्रि में करते हुए हमारे द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार व कार्यों का हम पश्चाताप करें और उसे दोबारा न करने का निर्णय ले। प्रतिदिन सुबह शुभ कर्मों का संकल्प लेकर अपनी दिनचर्या प्रारंभ करें तो हमारा स्वयं का आंतरिक आत्म शुद्धि होगा। कथा व्यास जी ने कहा कि धनबल जनबल और बहुत बड़ा बुद्धिमान हो लेकिन व्यक्ति सदाचारी नहीं है तो सब बेकार है यदि किसी ने आपका अहित किया है या बिगाड़ करते रहता है और आप उसका कुछ नहीं कर पाए तो आप ध्यान रखें कि भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं आपके सब कर्मों का अच्छा बुरा किया अनुसार फल जरूर देगा। आजकल लोग अपने दुखों से कम दुखी तथा दूसरों को सुखी देखकर ज्यादा दुखी होते हैं, जो चिंताजनक है जिसमें मानवता हो वही मानव है। मनुष्य को स्मृति अथवा पुराणों के पथ का अनुगमन करना चाहिए जीवन के कुछ सिद्धांत होने चाहिए, जीवन का कुछ नियम होना चाहिए, बिना नियम के हवा भी नहीं बहती, बिना नियम के सूर्य भगवान भी नहीं चलते, बिना नियम के चंद्रमा भी कहा दिखती है, सब का नियम और समय निश्चित है। ईश्वर तेरे दरबार की महिमा अपार है बंदा ना जान तेरा क्या विचार है। केशव महाराज ने कहा कि हम भी नियमबद्ध हो जीवन नियम में बंधा रहेगा तो आनंद आएगा। भगवान की पूजा अपनी पूजा से भी सरल है अपनी पूजा में कितना समय लगता है स्नान करने से लेकर बाहर निकलने का समय लगता है मैंने देखा है कि लोगों को पूजा करने में दो-दो घंटे लग जाते हैं मेरा सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि दशांत 24 मिनट भगवान के सामने बैठो कुछ मत करो केवल बैठो, भगवान को देखो वह आपको देखे, आप उनको देखो 24 मिनट देखा देखी करने से प्रेम बढ़ जाएगा अपने आप प्रति बढ़ जाएगी। अंतिम दिवस पूर्ण आहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की विधायक उमा देवी खटीक, मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व भक्त जनों ने उपस्थित होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## मंडल प्रभारी हुए घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह जी के 365 में प्रकाश पर्व पर उनके पुत्रों की बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। जिसके पालन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिनांक 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाते हुए शाहीद बालकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष एड. प्रीतम सिंह एवं कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजय सेन ने जानकारी देते हुए बताया है कि देश धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था। उनके इस बलिदान को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से उनके चार पुत्रों के बलिदान को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंडल स्तर तक मनाया जाना है इस हेतु मंडल प्रभारी को नियुक्त किया गया है। जिसमें दमयंती नगर मंडल श्याम विश्वकर्मा, दीनदयाल नगर मंडल राजेश चौरसिया, अभाना मंडल दान सिंह लोधी, बांदकपुर मंडल नरेश पटेल, बांस मंडल नरेंद्र मिश्रा, जबरा मंडल रामस्वरूप राय, बनवार मंडल लक्ष्मण सिंह लोधी, नोहटा मंडल घनश्याम सह लोधी, तेजगढ़ मंडल बेड़ी सिंह लोधी, तारादेही मंडल हनुमत सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा मंडल हरि सिंह लोधी, हटा नगर मनीष जैन, हटा ग्रामीण लक्ष्मण तिवारी, मडियादो गोविंद पटेल, कुम्हारी मंडल खिलान यादव, पटेरा मंडल पुष्पेंद्र सोनी, हिंडोरिया मंडल देवेंद्र सिंह ठाकुर, पथरिया मंडल राजेंद्र समदरिया, बटियागढ़ मंडल वेदराम पटेल, नरसिंहगढ़ मंडल राजेश पटेल, फतेहपुर मंडल शिवकुमार गर्ग, सदगुंवा मंडल केदार पटेल चौधरी को नियुक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### राजसात किये गये वाहन की नीलामी 18 को

**दमोह** । अवैध मदिरा परिवहन में जप्त राजसात किये गये 01 वाहन (मोटर साईकिल) की नीलामी 18 जनवरी 2024 को आबकारी विभाग दमोह द्वारा की जायेगी। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय दमोह से प्राप्त की जा सकती है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आज

**दमोह**। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज 24 दिसम्बर को ''राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस'' के रूप में मनाये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिये गये है। कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यो की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा है कि 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करें।

### अतिशीघ्र ई-नगर पालिका पोर्टल को शुरू करने प्रयास जारी

**दमोह**। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई ने बताया है कि 21 दिसंबर 2023 को ई- नगर पालिका सॉफ्टवेयर पर साइबर अटैक की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही विभाग के सभी सर्वरों तथा अन्य नेटवर्क को हार्डवेयर के रखरखाव के लिए नियुक्त आईटी टीम द्वारा ऐतिहात के तहत बंद कर दिया गया था। इसके बाद विभाग द्वारा CERT-IN इंडियन इमरजेंसी रिस्पांस टीम तथा साइबर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। CERT-IN के विशेषज्ञों तथा साइबर पुलिस के द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## शिनाख्त के लिये प्रयास में जुटी पुलिस

# महिला का अधजला शव रजाई में लिपटा मिलने से सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना के अंतर्गत नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र के महूना रोड पर पुलिया के समीप एक अज्ञात महिला का शव सडी गली हालत में पढ़ा हुआ मिला है। हालात देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव को किसी वाहन से फेककर आरोपी भाग गए हैं। शव पड़े होने की सूचना कोटवार से प्राप्त होने पर देहात थाना प्रभारी आनंद सिंह चौकी प्रभारी प्रसूता कुर्मी ने स्टाफ के साथ मौका पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि लगभग 8 से 10 दिन पुराना है। जो की अधजली अवस्था में रजाई में लपेटकर बीती रात सुनसान इलाका देख रात के दौरान फेंकी गई है। घटना की जानकारी लगते ही दमोह पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और थाना प्रभारी से घटना के संबंध में जानकारी लेकर एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। शव का पंचनामा बनाया है एफएसएल टीम की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दमोह अस्पताल भेजा जाएगा।

## कामायनी एक्सप्रेस की चपेट में आई वृद्ध महिला की मौत



**दमोह**। प्लेटफॉर्म छोड़ रही कामायनी एक्सप्रेस से फिसलकर नीचे गिरने के बाद ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक महिला की मौत हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिंदनी सूरत आदिवासी की पत्नी केसरबाई 65 वर्ष पटेरा निवासी कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई गुलाब बाबा के दर्शन करने जा रही थी। इस दौरान में दमोह रेलवे स्टेशन पर चलते हुए ट्रेन से नीचे गिरकर चपेट में आ गई इसके बाद उसे गंभीर हालत में रात करीब 2 बजे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो जाने पर शनिवार को पंचनामा करवाई उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। फिलहाल रेलवे पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

## संभागायुक्त ने वर्चुअल माध्यम से की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

**दमोह**। संभागायुक्त सागर संभाग डॉ वीरेन्द्र सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। कमिश्नर सागर ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा आगामी 26 दिसंबर से प्रत्येक विद्यालय की व्हाट्सएप आधारित मूल्यांकन प्रणाली से मॉनिटरिंग की जायेगी। सभी संस्था प्रभारी 10:30 बजे शिक्षक उपस्थिती पंजी का पीडीएफ संबंधित विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। तदोपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने विकासखंड के समस्त विद्यालयों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। इस तरह प्रत्येक दिन त्वरित कार्यवाही करते हुए अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के लिए बचे हुए सीमित दिनों में शिक्षकों की पूर्ण समय तक विद्यालय में रहते हुए अध्यापन कार्य में तेजी लाना तथा कमजोर विद्यार्थियों की निदानात्मक कक्षाओं का विधिवत संचालन हो सके। बैठक में जिला शिक्षाधिकारी एसके नेमा, नन्हें सिंह ठाकुर, राजेश रविदास, ए पी सी मोहन राय, जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दी प्रस्तुतियां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लाड़नबाग स्थित महर्षि विद्या मंदिर दमोह में आज एकल नृत्य प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के कक्षा- नर्सरी से 9 वीं तक के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। लगभग 100 छात्र/छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में- राजस्थानी नृत्य, पंजाबी, गुजराती, मराठी, धार्मिक गीतों एवं देशभक्ति गीता पर आधारित एकल नृत्य प्रस्तुत किये गये। छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया।

इस प्रतियोगिता में तान्या जैन, अनुभव तिवारी, गौरी गुप्ता, पावनी विश्वकर्मा, प्रवल पांडे, हरिअंश शर्मा, कृतिका राजपूत, समर्थ खरे, मनीरत्नम आर्य, दीवा विश्वकर्मा,सोहम छत्तानी, सौम्या पटैल, अवनी जैन, अदिति सेन, जानवी बागरी, राधिका पटैल, आज्ञा असाटी, आशी सानी, वैष्णवी राजपूत, विजय लक्ष्मी चैबे, रौनक पटैल, प्रसन्न तिवारी, जयशिका राजपूत, पूर्वा परिहार, खुशी राठौर एवं रजनी ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के निर्णायक शिल्पी दुबे, सीमा नायक, दिलीप नामदेव रह। कार्यक्रम का सफल संचालन- नेहा सेलट एवं निधी खर ने किया। प्राचार्य राजेश दीक्षित जी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताए बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## राकेश जैन बने नपा कर्मचारी संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शनिवार को स्थानीय मानस भवन में नगर पालिका कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमे मध्य प्रदेश नगर पालिका कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष राकेश मिश्रा पहुंचे जिसमें उनके द्वारा सर्वसम्मति से दमोह नगर पालिका कर्मचारी संघ का अध्यक्ष राकेश जैन सहायक राजस्व निरीक्षक एवं संभागीय अध्यक्ष सुनील ठाकुर को नियुक्त किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी महासंघ सदैव नपा कर्मियों के हित के लिए कार्य कर्ता आया है और आगे भी करेगा उन्होंने कहा कि नगर पालिका मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के तहत चलती है ना कि किसी के घर बताया कि लगातार पिछले 1 वर्ष से उन्हें शिकायत मिल रही थी कि यहां के जो पदाधिकारी हैं वह ठीक तरीके से कार्य नहीं कर रहे हैं कर्मचारियों के हित की बात नही कर रहे लगातार कर्मचारियों से प्रताड़ना की खबरें सामने आ रही हैं। आगे से जो भी ज्ञापन या अन्य कोई भी कार्य होंगे इसका संचालन अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा किया जाएगा इस अवसर उनके द्वारा अभिषेक पाठक को संरक्षक नियुक्त किया उक्त बैठक में सुनील ठाकुर,लक्ष्मण कसोटिया,प्रवीण शिवहरे सहित बड़ी तादाद में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे एवं नव नियुक्त अध्यक्ष राकेश जैन का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## नाली धराशायी, खुली होने से दुर्घटनाओं का डर

### वार्डवासी कह रहे बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागे की परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पड़ रही के सामने मुख्य सड़क के बाजू में परिषद के ठेकेदार द्वारा बनाई गई नाली निर्माण के बाद ही धराशाई हो गई। ठेकेदार द्वारा कोई व्यवस्था कार्यवाही नहीं की गई। अतुल चौधरी ने बताया कि अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद व सीएमओ उपेंद्र इसे देख चुके हैं पर कार्यवाही नहीं हुई। जबकि कई मवेशी यहां गिरकर घायल हो चुके हैं वार्ड वासियों का कहना है कि कोई बड़ी दुर्घटना के बाद ही यहां कोई व्यवस्था परिषद करेगी। इस संबंध में सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने शीघ्र व्यवस्था करने की बात कही है।

# रोमांचक मुकाबले में जबलपुर तीन सेट से विजेता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के कैलेंडर 2023 के अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 एवं 23 दिसंबर को किया गया। राज्य की 8 महिला वॉलीबॉल टीम भोपाल इंदौर ग्वालियर जबलपुर रीवा सागर उज्जैन एवं छिंदवाड़ा के विभिन्न प्रतिभागियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष चंद्रभान पटेल संस्था के प्राचार्य डॉ पी एल जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कीड़ा विभाग प्रभारी डॉ अरुणा एम जैन प्राध्यापक अपर संगठन सचिव सुश्री प्रिया थापा क्रीड़ा अधिकारी ने विभिन्न टीम मैनेजर तथा अतिथियों का स्वागत किया आयोजन के प्रथम दिवस चार क्वार्टर फाइनल मैच तथा सेमीफाइनल मैच हुए जिसमें जबलपुर एवं भोपाल की टीम ने फाइनल मैच में प्रवेश किया द्वितीय दिवस रोमांचक फाइनल के मुकाबले में जबलपुर टीम ने 3-0 से भोपाल के को पराजित किया। इस प्रकार जबलपुर टीम राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल टीम की विजेता एवं भोपाल टीम उप विजेता रही समापन सत्र में चंद्रभान पटेल जनभागीदारी अध्यक्ष, अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार तथा संस्था के प्राचार्य डॉ पी एल जैन ने विजेता तथा विजेताओं को टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सभी को शुभाशीष प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ बी पी सिंह वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी शासकीय अग्नि महाविद्यालय दमोह का कुशल मार्गदर्शन तथा रेफरी जी पी वेद, विनय दुबे, लवकुश पटेल, शाहबाज अली, दीपेंद्र यादव, शोएब खान, शशांक गोदर, अनिल गोदर, सुजीत पटेल, देवेंद्र पटेल, सुश्री शालु जैन का निर्देशन रहा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय की विभिन्न समितियां तथा महाविद्यालय के समस्त परिवार का सहयोग रहा।

## उपनिर्वाचनः सभी उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए

**पटेरा**। पटेरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद का उपनिर्वाचन 5 जनवरी को होना है। इसके लिए चार अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र भरे थे जिनकी समीक्षा आज निर्वाचन अधिकारी रघुनंदन चतुर्वेदी नायब तहसीलदार ने की। सभी के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए 26 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिए जाएंगे और तुरंत बाद अंतिम सूची व चिन्ह आवंटित होंगे नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद अब जो प्रत्याशी मैदान में है इनमें श्रीमती राजरानी कालू अहिरवार भाजपा, दशरथ अहिरवार, चंद्रभान अहिरवार, व रवि कोरी चुनावी मैदान में है। कांग्रेस अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत पटेल का कहना है कि तीन आवेदन पत्र आए थे जिन्हें जिला कांग्रेस अध्यक्ष के पास भेज दिया था मंथन जारी है 25 तक घोषणा हो जाएगी।

## आदिवासी बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्राथमिक शाला कजरामाफी में प्रधान अध्यापक व समाजसेवियों ने गरीब आदिवासी बच्चे बच्चियों को जर्सी, कैप, जूता, मौजा, रजिस्टर पेन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेंद्र बजाज, चौधरी अतुल जैन, निखिल जैन, और प्रधान अध्यापक शिक्षक विकास जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनशिक्षक रतन सिंह महदेला, कमलेश ताम्रकार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दौरान शिक्षिका अनामिका ताम्रकार, रोहि ताम्रकार, पनजी बाई वाले सिंह का सराहनीय सहयोग रहा। अतिथियों का सम्मान प्रधान अध्यापक द्वारा किया गया। सभी ने बाटी भर्ता का आनंद लिया। सभी बच्चे सामग्री पाकर बेहद खुश दिखे व सभी ने मन लगाकर पढ़ने का वायदा किया।

## शीत लहर का प्रकोप

**पटेरा**। शीत लहर चलने लोग ठिठुर रहे है। जबरदस्त ठंड में भी नगर परिषद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस स्टैंड हटा तिराहा, ब्लॉक तिराहा जैसे स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की है। इस संबंध में सीएमओ प्रेम सिंह चौहान से बात की तो उन्होंने कल से ही अलाव जलाने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए हैं।

## कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**दमोह**। पथरिया थाना अंतर्गत एक सड़क ठेकेदार से रंगदारी बसूलने के चक्कर में देसी कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने लोडेड कट्टे के साथ पकड़ने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया केरवना सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार राहुल भार्गव की कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। जिनसे रंगदारी वसूलने के चक्कर में लोडेड 315 बोर का देसी कट्टा लेकर पहुंचे केरबना निवासी बृजेश खरे को पुलिस ने हिरासत में लेकर 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि लखरोनी के समीप सड़क कंपनी का कैंप लैब टेस्ट ऑफिस बना हुआ है। जहां पर ठेकेदार राहुल भार्गव द्वारा साइट प्रोग्रेस का हिसाब किताब लिया जाता है। 22 दिसंबर को राहुल के ऑफिस पहुंचने के पहले बृजेश खरे नाम का युवक लोडेड देसी कट्टा लेकर लखरोनी कैंप में घुस गया। जिसको कर्मचारियों ने पकड़ कर तत्काल पथरिया थाना पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके कब्जे से लोडेड कट्टा बरामद करने के बाद जब पूछताछ की पहले उसने खुद को कंपनी का कर्मचारी बता कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। परंतु कंपनी द्वारा उसे अपना कर्मचारी मानने से इनकार करते हुए रंगदारी के चक्कर में यहां कर घात लगाकर दहशत फैलाने की बात कही गई। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की है।

## राकेश सिंह हजारी बने पुनः अध्यक्ष



**दमोह**। जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा की आमसभा का आयोजन महाराणा प्रताप भवन में किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता फुल्ल सिंह परिहार देवरान वालो ने एवं विशिष्ट अतिथि संरक्षक ठा.देवी सिंह राजपूत एवं अमर सिंह राजपूत के अधिपत्थ में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष राकेश सिंह हजारी द्वारा अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें उपस्थित सभी सजातीयों द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया इसके उपरांत हटा ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कुलुआ, पटेरा ब्लाक अध्यक्ष मन्नू राजा, बटियागढ़ ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा भी ब्लाक का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। लक्ष्मण सिंह राजपूत द्वार महासभा के कार्यकाल पूर्ण होने पर निर्वाचन के संबंध में जानकारी सभी को दी गई। जिस पर सभा के सदस्यों ने विचार विर्मश किया एवं हटा के जसवंत सिंह द्वारा वर्तमान जिला एवं युवा कार्यकारणी को अथावत रखने का प्रस्ताव रखा गया जिसका समर्थन राजेन्द्र सिंह चौहान बटियागढ़ एवं अभिनव गौतम द्वारा किया गया जिस पर सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से अपनी सहमति व्यक्त की गई। इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा अध्यक्ष पद पर राकेश सिंह हजारी एवं युवा अध्यक्ष पद पर त्रिवेन्द्र सिंह राजपूत का नाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलवान सिंह ठाकुर, बबलू सिंह ठाकुर, धनसिंह, अमर ि संह, कपिल सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, नवाव सिंह, रविन्द्र सिंह, राजा ठाकुर, धीरज परिहान, विक्रम सिंह, विक्रांत सिहं, प्रशांत सिह, जितेन्द्र सिंह, अरविन्द्र सिंह, तीरथ सिंह, शिवम ठाकुर आदि उपस्थित रहें। मंच का संचालन लक्ष्मण सिंह राजपूत द्वारा किया गया एवं आभार शैलेन्द्र सिंह परिहार ने माना।